हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

ORA MAKERS
*Own your real asset.*

# A NEW ADDRESS *of* LUXURY & LIFESTYLE.

Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS
and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS


Artist's Impression



Artist's Impression
Grand Entrance – A majestic welcome every day


Artist's Impression
Beautiful Temple – A serene spiritual retreat


Artist's Impression
Landscaped Gardens & Water Features – Nature-inspired living

## SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES

Discover a township that is built to inspire and designed to last.
Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.

- Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages

**New Town**
*Own it!*

FOR DETAILED INFORMATION:

**98931 13444/ 98931 28333**

Shrine +91 98337 11728

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

## खबर संक्षेप

### भाजपा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है।



इसी क्रम में भाजपा ने 21 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भाजपा ज़िला कार्यालय प्रांगण में आयोजन करने जा रही है जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज व दवा वितरण किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने बताया कि सेवा के क्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अविना, एमडी मेडिसिन डॉ. प्रतीक खरे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन चतुर्वेदी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्रमणि खेस, फिजियोथैरेपी डॉ. दीक्षा गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम मित्रा, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार गुप्ता, जनरल सर्जन डॉ. रमेश, कैंसर सर्जन डॉ. विकास अग्रवाल, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. जेसी मेश्राम व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

### नवजागृति समिति शिविर में 28 युवाओं ने किया रक्तदान



**बिश्रामपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर गुरुवार को अग्रवाल नवजागृति समिति बिश्रामपुर के सदस्यों ने अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर अंबिकापुर के सहयोग से कर 28 यूनिट रक्त संग्रह किया,बता दें कि 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल नव जागृति समिति द्वारा अलग अलग आयोजन किए जा रहे हैं।इसी क्रम में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।रक्तदान शिविर में युवाओं को प्रेरित करने राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल उपस्थित थे उन्होंने इस दौरान रक्तदान कर रहे युवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं हो सकता,उन्होंने युवाओं के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना कर ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया।इस शिविर में कुल 28 लोगों ने रक्तदान किया।इस दौरान नव जागृति समिति के सदस्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्रामीणों में आक्रोश, जर्जर एवं कीचड़ युक्त सड़क ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

# सड़क मरम्मत के नाम पर आहरित कर ली राशि लेकिन नहीं हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हुई लगातार बारिश से ग्राम पंचायत करौली नदी पारा सड़क मरम्मत के अभाव में जर्जर एवं कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसें क्षेत्र के लोगों को न सिर्फ आवागमन करने में परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सड़क मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा मरम्मत कराने के नाम पर दो किस्तों में राशि का आहरण पहले ही कर लिया है लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोग जर्जर एवं कीचड़ से सराबोर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- मरम्मत के नाम सरपंच, सचिव ने दो किस्तों में निकाली 90 हजार रुपए

विकासखंड लुंड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौली नदीपारा में कई साल पहले सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की हालत दयनीय हो गई। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को कच्ची सड़क से निजात मिली थी लेकिन अब पुनः पूर्व की भांति हालत हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्राम पंचायत करौली के नदीपारा की सड़क पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसे में लोगों का सड़क से पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ माह पूर्व ही सड़क मरम्मत के लिए दो किस्तों में लगभग 90 हजार रुपए पंचायत फंड से सरपंच देवेश सिंह मरावी और सचिव सुशीला तिर्की द्वारा निकाल लिया गया लेकिन आज तक सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका। मोहल्ले का रास्ता का बुरा हाल है। पिछले कई सालों से है न सरपंच ध्यान रहे हैं न कोई नेता, करौली गांव के अंदर की सड़कों पर दो पहिया वाहन भी सही ढंग से नहीं चल सकता। सड़क मरम्मत नहीं होने के कारण गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सड़क मरम्मत नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है जिससे लोगों को जर्जर एवं कीचड़ युक्त मार्ग से राहत मिल सके।



कीचड़युक्त सड़क।

**शौचालय का नहीं हुआ निर्माण**

ग्रामीणों ने बताया कि गांव स्थित देवी मंदिर है जहां आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते है। नवरात्र के दिनों में मंदिर में लोगों की काफी भीड़ होती है जिससे पंचायत के लोगों ने मंदिर के समीप शौचालय निर्माण की मांग की। हैरानी की बात तो यह है कि शौचालय निर्माण के लिए लगभग 50 हजार रुपए निकाल ली गई लेकिन आज तक शौचालय का निर्माण नहीं हो सका। जबकि मंदिर के आसपास एक भी शौचालय नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**कराई जाएगी जांच**

सड़क मरम्मत के नाम पर राशि निकाली गई है और मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-प्रीति भगत, जनपद सीईओ लुण्ड्रा

# कैंसर परीक्षण और परामर्श शिविर में हुई 75 मरीजों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- लायंस क्लब और संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल ने लगाया शिविर





लायंस क्लब सरगुजा एवं संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन बनारस रोड स्थित गायत्री हॉस्पिटल में किया। इस शिविर का उद्घाटन बिशप एंटोनी बड़ा, ब्रह्माकुमारी विद्या बहन संचालिका, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरचरण सिंह छाबड़ा एवं लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के पूर्व गवर्नर लायन डॉक्टर जीडी सिंह, कुलदीप सिंह कथुर, वरिष्ठ कैंसर सर्जन संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल डॉ. विवेक पटेल, संचालक गायत्री हॉस्पिटल डॉ. रितेश गुप्ता एवं पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ योगेंद्र सिंह गहरवार की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन डॉक्टर यशवर्धन सिंह ने की। बिशप एंटोनी बडाने इस शिविर को मानव सेवा की दृस्टि एक महान पहल बताया और इसे मदर टेरेसा जैसी सेवाभावना से जोड़ा। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के विरुद्ध लायंस क्लब का यह प्रयास मानव कल्याण की दृष्टी से अत्यन्त महत्वपूर्ण है उन्होंने रोगियोंसे आत्मबल और सकारात्मक सोच बनाये रखने की अपील की। गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरचरण सिंह छाबड़ा ने लायंस क्लब की इस गतिविधि को श्रेष्ठतम गतिविधि निरूपित किया। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के पूर्व गवर्नर लायन डॉ. जीडी सिंह ने मानव सेवा एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए लायंस क्लब किस तरह सेवा कार्य करता है इसको विस्तृत रूप से समझाया। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. विवेक पटेल ने बताया कि हमें किन किन चीजों से बचाव करना है इसके साथ ही उन्होंने लोगों को हर वर्ष कुछ जांच करने का सुझाव दिया। गायत्री हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर रितेश गुप्ता ने लायंस क्लब के द्वारा किये गए अथक प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर मनीष गुप्ता ,डॉक्टर इति जैन गुप्ता, गायत्री हॉस्पिटल की डायरेक्टर प्रियंका गुप्ता एवं संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर के संजय विश्वकर्मा की भूमिका सराहनीय रही। इस वृहद शिविर में 75 मरीजों की शिनाख्ती की गई और सभी को सुझाव व परामर्श दिया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोचन प्रसाद गुप्ता, अनिल शुक्ला, सचिव अनुज प्रसाद सिंह, त्रिलोचन सिंह बाबरा, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र पाठक, नरेश अग्रवाल, केके सिंघल, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सुमन सिंह, डॉ. नीतू सिंह, सरोज गुप्ता, भारती सिंह, मधु शुक्ला, उमा सिंह सीमा सिंह, विभा मिश्रा, आरबी सिंह, आरएन द्विवेदी, अनिल शुक्ला, लायन दीपक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### घर के बाहर खेल रही बच्ची को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को बाइक सवार ने टक्कर मार दी है,दुर्घटना में बच्ची को चोटें आई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी भंडारपारा निवासी प्रार्थिया फुलेश्वरी राजवाड़े पति सोमार साय की चार वर्षीय पुत्री हंसिका राजवाड़े घर के बाहर खेल रही थी,तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची को टक्कर मारकर फरार हो गया है, दुर्घटना में मासूम बच्ची को चोटें आई है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के प्रथम तल और भूतल में स्थित कार्यालयों का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होने एनआईसी कक्ष, खाद्य शाखा, जनसंपर्क, सांख्यिकी, सहायक आयुक्त कार्यालय, खनिज, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, पालना घर, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, नाजिर शाखा, जन शिकायत कक्ष, भू-अभिलेख शाखा का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कार्यालयीन व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों में स्थापना, बजट, वित्त व आवक जावक से संबंधित फाइलों का बेहतर संधारण करने की बात कही। साथ ही कार्यालय में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रिकॉर्ड के उचित संधारण एवं नकल प्रकोष्ठ शाखा में आवेदकों को निर्धारित समय सीमा पर नकल की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।





## बिजनेस/हेल्थ प्लस

### सोना महल में चार दिवसीय आभूषण स्वयंवर प्रदर्शनी कल से

**अंबिकापुर।** शहर के चर्चित ज्वेलर्स सोना महल की ओर से चार दिवसीय आभूषण स्वयंवर जेवर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जेवर प्रदर्शनी 22 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगी। प्रदर्शनी में अलग-अलग डिजाइन के एक से बढ़कर एक आभूषणों प्रदर्शित किया गया। वहीं सोना महल के संचालक धनंजय सोनी एवं संतोष सोनी ने कहा कि अंबिकापुर में इस तरह की प्रदर्शनी से यहां के लोगों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण आभूषण के साथ ही अलग-अलग बेहतर डिजाइन के आभूषण के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। अंबिकापुर पिछड़ा होने के बाद भी यहां इस तरह का प्रदर्शनी होना काफी सराहनीय कार्य है। इससे लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी और लोग आभूषण के प्रति बेहतर सोच भी रखेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में शहर के लोगों को जागरूक करने के साथ उन्हें विभिन्न प्रदेशों में बिकने वाले आभूषण के एक से बढ़कर एक डिजाइन को भी दिखाया जाएगा ताकि शहर के लोगों को नए-नए डिजाइन के आभूषण की जानकारी हो सके। प्रदर्शनी में बेहतर गुणवत्ता वाले आभूषण के साथ बंपर छूट भी रखा गया है। यह इस प्रदर्शनी को और भी महत्वपूर्ण बनाता है, क्योंकि ग्राहक अपनी खरीदी हुई जेवरों की गुणवत्ता को सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ ही, प्रति 10 ग्राम सोने की जेवर की खरीदारी पर 0.500 मिलीग्राम सोना मुफ्त एवं प्रति 20 ग्राम सोने की खरीदारी पर 1 ग्राम सोना मुक्त प्रदान की जा रही है, जो ग्राहकों को आर्थिक रूप से भी फायदा पहुंचा रही है। साथ ही 50,000 से अधिक डायमंड ज्वेलरी पर एक चांदी का सिक्का सोना महल के तरफ से मुक्त दिया जाएगा।



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 21 सितंबर को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, हड्डी एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन जैन, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श हेतु तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा, अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202509020700018**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2024-2025

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-निरूस कुजूर, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक निरूस कुजूर आ. स्व. पीयुस कुजूर, निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम फुन्दरडिहारी स्थित खसरा नंबर 162/2 रकबा 0.049 हे. एवं खसरा नंबर 166/6 रकबा 0.004 हे. स्थित है। बी-1 एवं खसरा में थॉमस कुजूर आ. स्व. पीयुष कुजूर का नाम दर्ज है। आवेदक द्वारा थॉमस कुजूर के जगह अपने पिता का नाम निरूस कुजूर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.09.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्याया.- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.**

उ.प्र.क्र.-24/2025
प्रो.नं.- 478/2025
आगामी पेशी तिथि 07/10/2025

1. कांति देवी पति स्व. गंगा प्रसाद यादव, आयु लगभग 63 वर्ष,
2. जगत नारायण यादव आ. स्व. गंगा प्रसाद यादव आयु लगभग 43 वर्ष,
3. अली कुमार यादव आ. स्व. गंगा प्रसाद यादव आयु लगभग 40 वर्ष,
4. रामेश्वर यादव आ. स्व. गंगा प्रसाद यादव आयु लगभग 32 वर्ष,

सभी जाति अहिर, निवासी- कन्या परिसर रोड, गंगापुरखुर्द, थाना गांधीनगर, तह. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. --------आवेदकगण

-ःप्रतिः-

1. शाखा प्रबंधक भारतीय डाक घर शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
2. आम जनता --------

अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम कन्या परिसर रोड, गंगापुरखुर्द, थाना गांधीनगर तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर आवेदिका कमांक 01 के पति एवं आवेदक क्रमांक 02 से 04 के पिता स्व. गंगा प्रसाद यादव जिनकी मृत्यु दिनांक-10.06.2024 को बिमारी के कारण हॉली क्रॉस हॉस्पीटल अम्बिकापुर में होना बताते हुए स्व. गंगा प्रसाद यादव के मृत्यु उपरांत भारतीय डाक घर शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. में बचत खाता संख्या- 1695123555, लेजर कोड 30001, जिसमें जमा राशि 5,04,906/- (पांच लाख चार हजार नौ सौ छः रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 07/10/2025 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. गंगा प्रसाद यादव के मृत्यु उपरांत भारतीय डाक घर शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. में जमा राशि 5,04,906/- (पांच लाख चार हजार नौ सौ छः रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 07/10/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनाक 23.08.2025 को जारी किया गया।

(सुमित कुमार हर्षयाना)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.



































तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 21 सितम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 शारदीय नवरात्रि के लिए सजने लगे पंडाल



## खबर संक्षेप

### मसिरा में पितृपक्ष विसर्जन पर करमा नृत्य प्रतियोगिता आज

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत मसिरा के तेंदुडांड खेल ग्राउंड में 21 सितंबर की शाम 4 बजे से पितृपक्ष विसर्जन के अवसर पर भव्य सार्वजनिक करमा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। नवयुवक सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति मसिरा द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक महोत्सव में आसपास के क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने करमा नृत्य के लिए पंजीयन कराया है। प्रतियोगिता में पूजा, पोशाक, अनुशासन, नृत्य कला, भाषा की शुद्धता, आत्म स्फूर्ति, गायन-वादन, प्रश्नोत्तरी और योग्यता जैसे मानकों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन होगा। विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपये, द्वितीय 5 हजार रुपये, तृतीय 3 हजार रुपये और सांत्वना पुरस्कार 500 रुपये निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णदेव कांशी, संरक्षक देवनारायण बैगा, हरीमन यादव, कोषाध्यक्ष रामपति गायन, सचिव बलजीत देवांगन, जनपद सदस्य शशीलता, सरपंच बुधराम सिंह, पंचायत सचिव राधे तिवारी, हेम सिंह, देव देवांगन सहित ग्रामवासियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और करमा प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल कहा है।

### आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों की आमसभा कल से

**अम्बिकापुर।** जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों की आमसभा का आयोजन 22 से 28 सितम्बर तक किया जाएगा। सभी आमसभाएं संबंधित समिति कार्यालय/धान उपार्जन केंद्र में दोपहर 12 बजे से आयोजित होंगी। कार्यसूची के अंतर्गत वार्षिक वित्तीय पत्रक, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वार्षिक बजट, विकास कार्ययोजना, कालातीत किसानों की सूची एवं ऋण वसूली की कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। साथ ही घाटे की प्रतिपूर्ति, नए सदस्यों का अनुमोदन तथा समितियों के नवाचारों की जानकारी भी दी जाएगी। इन आम सभाओं में सहकारिता विस्तार अधिकारी, वित्त दायीं बैंक के शाखा प्रबंधक एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदेन सदस्य के रूप में शामिल होंगे। संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर कार्यवाही विवरण कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। उक्त अभियान के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## प्लास्टिक कचरा लाने पर मिलेगा नाश्ता और खाना

# मैनपाट के रोपाखार में शुरू हुआ देश का पहला ग्रामीण गार्बेज कैफे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की तर्ज पर अब सरगुजा में स्वच्छता के क्षेत्र में एक बड़ी पहल करते हुए देश का पहला ग्रामीण गार्बेज कैफे खोला है। देश का पहला गार्बेज कैफे सबसे पहले नगर निगम अंबिकापुर में खोला गया और अब ग्रामीण गार्बेज कैफे भी सरगुजा के प्रसिद्द पर्यटन स्थल मैनपाट में खोला गया है। इस गार्बेज कैफे में भी प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर नाश्ता और खाना प्रदान किया जाएगा। शनिवार को जनपद पंचायत मैनपाट के रोपखार में इस ग्रामीण गार्बेज कैफे का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत रोपाखार के साप्ताहिक बाजार परिसर में श्रमदान कर प्लास्टिक अपशिष्टों का संग्रहण किया व लोगों से नियमित यूज़र चार्ज भुगतान का आह्वान किया गया।

**खास बात**
- जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रमदान कर किया गया प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण

बता दें कि अंबिकापुर नगर निगम ने स्वच्छता प्रबंधन को लेकर अनेकों नवाचार किए है और इनमें से ही एक है गार्बेज कैफे। ननि द्वारा देश के पहले गार्बेज कैफे की स्थापना की गई थी जिसमें लोगों को प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर नाश्ता और खाना दिया जाता है। ननि के इस नवाचार को देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जमकर सराहना मिली और इसी से प्रेरणा लेकर अब ग्रामीण स्वच्छता प्रबंधन के लिए भी देश के पहले ग्रामीण गार्बेज कैफे की स्थापना कर दी गई है। यह कैफे स्थानीय स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन सरगुजा, एलआईसी एचएफएल ग्रीन टुमॉरो परियोजना तथा फिनिश सोसायटी की अनूठी पहल है। शनिवार को ग्रामीण गार्बेज कैफे का शुभारंभ मैनपाट जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पैकरा, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, सरपंच, उपसरपंच एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने सामूहिक रूप से किया। कैफ़े का संचालन कार्ब हट किचन रोपाखार में किया जाएगा। जहां 1 किलो प्लास्टिक (सफेद प्लास्टिक, पानी की बोतल, एल्युमिनियम केन, कांच की बोतल) देने पर नाश्ता मिलेगा और 2 किलो प्लास्टिक देने पर भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पैकरा ने कहा कि मैनपाट सरगुजा की पहचान है और इसे स्वच्छ व सुघ्घर रखना हम सबका दायित्व है। जिला प्रशासन ने प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने की अभिनव पहल की है। इस दौरान ग्राम पंचायत रोपाखार के उपसरपंच रजनीश पांडेय, तिब्बती कॉलोनी सेटलमेंट अधिकारी सुश्री यंगत्सो, सरपंच रोपाखर सुखु मांझी, कमलेश्वरपुर सरपंच श्रीमती घुरनी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्रामीण गार्बेज कैफे के उद्घाटन पर उपस्थित अतिथि।

### कचरा लाओ-खाना पाओ

जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मैनपाट जैसे हिल स्टेशन पर प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और जागरूकता के लिए ग्रामीण गार्बेज कैफे का नवाचार किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को कचरा लाओ और खाना पाओ जैसी सरल व्यवस्था से स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि कैफे से संग्रहित प्लास्टिक अपशिष्ट का निपटान जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट में किया जाएगा। यहां स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस प्लास्टिक से दाना, रस्सी और कुर्सी जैसे उपयोगी उत्पाद तैयार करेंगी। इससे न केवल अपशिष्ट प्रबंधन होगा बल्कि महिलाओं की आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जिला में विशेष पहल किए गए है जिसमें जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई केंद्र/एमआरएफ का संचालन। सभी ग्रामों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, पृथक्करण, विक्रय व यूजर चार्ज वसूली पर सतत कार्य शामिल है।

# सीएचसी रामानुजनगर में एक ही वार्ड में भर्ती किए गए थे महिला व पुरुष मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जेडी के निरीक्षण में मिली लापरवाही, नदारत मिले चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी

उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। सख्त निर्देश और कार्रवाई के बाद भी बिना किसी सूचना के चिकित्सक अस्पताल से नदारद रहते है। इस बात की पुष्टि एक बार फिर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के आकस्मिक निरीक्षण में हुई है।

इसके साथ ही अस्पताल में महिला और पुरुष मरीजों को एक ही वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सूरजपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-रामानुजनगर व प्रेमनगर व सरगुजा के लखनपुर में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी कर कार्रवाई की चेतानवी दी है। बताया जा रहा है कि 18 सितम्बर को रात के समय किए गए आकस्मिक निरीक्षण में यह बात सामने सीएचसी रामानुजनगर में अधिकारी व कर्मचारी बिना किसी अवकाश आवेदन के ही अनुपस्थित रहते है इसके साथ ही अस्पताल में आपातकालीन ड्यूटी रोस्टर नोटिस बोर्ड में चस्पा ही नहीं किया गया है। अस्पताल में पुरुष और महिला मरीजों के लिए पृथक व्यवस्था होने के बाद ही उन्हें एक ही वार्ड में भर्ती किया गया था। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर सिंह तीन दिन व चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी सुखराम 2 सितम्बर से अनुपस्थित पाया गया। सीएचसी प्रेमनगर में भी यह जानकारी मिली कि चिकित्सा अधिकारी ओपीडी रजिस्टर का प्रथक पृथक संधारण नहीं करते है अस्पताल के अंदर बड़ी संख्या में मरीज के परिजन मौजूद थे। अस्पताल में श्रीमती शालिनी श्रीवास 7 दिवस, वीसी पटेल 1 दिवस, अमरजीत कुरें 4 दिनों से अनुपस्थित मिले। लखनपुर सीएचसी में एमपीएस जितेश मिश्रा 1 दिन, ड्रेसर सविता मिज 1 दिन, स्टाफ नर्स किरण दास 2 दिन, बीईटीओ श्रीमती सी.नागवंशी 1 दिन, स्टाफ नर्स कविता सिंह 2 दिन से अनुपस्थित पाए गए। जेडी ने अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के साथ ही अनुपस्थित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।



## 135 किलो गांजा के साथ नष्ट किए गए मादक पदार्थ



**बलरामपुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में जब्त अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया। इस दौरान भारी मात्रा में गांजा, नशीला इंजेक्शन, सिरप, टेबलेट जलाकर नष्ट किया गया। बता दें कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है और बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर गांजा, नशीला इंजेक्शन सिरप जब्त किया गया है। एसपी विभव बैंकर के निर्देश पर गठित टीम ने शनिवार को मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान गांजा 135.180 किलोग्राम, गांजा का पौधा 42 नग, नशीली कफ सिरप 1851 नग, नशीली टेबलेट 1838 नग, नशीला इंजेक्शन 724 नग को जलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी, सहायक आबकारी आयुक्त बलरामपुर एस एस साहू, संबंधित थाना प्रभारी एवं डीसीआरबी शाखा की टीम मौजूद थे।

## रेड़िया नदी पार करने के दौरान बहा युवक, नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



पैदल रेड़िया नदी को पार कर शुक्रवार की शाम अपने घर लौट रहा युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। परिजन घटना के बाद से ही युवक की तलाश में जुटे हैं लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत खैरा सुई बहरा निवासी गोपाल सिंह आ.राम सिंह (34वर्ष) शुक्रवार की शाम 5 बजे पैदल रेड़िया नदी पार कर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पहाड़ों से पहुंचे वर्षा के पानी से अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही नदी की धारा तेज हो गई। नदी की तेज धार में युवक बह गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने देर रात तक युवक की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को भी परिजन ने ग्रामीणों के साथ पूरे दिन युवक को तलाशा तथा सुराग नहीं मिलने पर मोहरसोप पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी कमलेश कुमार पाठक ने बताया कि ग्रामीणों ने युवक के नदी में बहने की सूचना दी है।

इस संबंध में रकसगंडा जलप्रपात के मछुआरों से पूछताछ की गई है। मछुआरों ने युवक के संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की है। सोमवार को गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जाएगा।

## सड़कों पर आवारा मवेशी छोड़ने वालों पर होगी अब कड़ी कार्रवाई

**अंबिकापुर।** हाईकोर्ट के निर्देश के सड़क पर मौजूद आवारा मवेशियों को लेकर सरगुजा पुलिस भी सख्त हो गया है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पुलिस विभाग ने स्पष्ट रूप से निर्देश जारी किया है कि पशु मालिक अपने पशुओं को बंधकर रखेंगे उन्हें सार्वजनिक स्थल पर स्वतंत्र रूप से नहीं छोड़ा जाएगा। नियम का पालन नहीं करने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 285, 291 के अंतर्गत सजा एवं जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि आवारा मवेशियों को लेकर समय-समय पर निर्देश जारी किये गये हैं साथ ही इस हेतु मानक संचाल प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया गया है लेकिन किन्तु जिले के पशु पालकों द्वारा अपने पशुओं को ठीक से पालन एवं देखरेख न करते हुए आवारा छोड़ दिया जा रहा है। हाल ही में एनएच 130 पर आठ आवारा मवेशियों की मौत हो गई थी। इसके साथ ही आए दिन लोग हादसों का शिकार होते रहते है। इसका मुख्य कारण स्थानीय पशु पालकों द्वारा लापरवाही और गैर जिम्मेदारी पूर्वक पशुओं को सड़क एवं सार्वजनिक स्थल पर स्वतंत्र रूप से छोड़ देना है। पशु मालिकों का इस प्रकार गैर जिम्मेदाराना एवं लापरवाही पूर्वक आचरण भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय-3, धारा-11 (1) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों के प्रकाश में सभी तथ्यों पर विचार करने के उपरांत इस क्षेत्र में मानव, पशु जीवन, लोकहित, लोक सुरक्षा, कानून एवं लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न पशु मालिकों द्वारा अपने पालतू पशुओं को स्वतंत्र रूप से छोड़े जाने से रोका जाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पशु मालिक अपने पशुओं को बांधकर रखेंगें। पशुओं को मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से न ही छोड़ेगें न ही एकत्रित होने देंगें अन्यथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-285, 291 के अंतर्गत सजा एवं जुर्माना से दंडित किया जाएगा साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय * धारा-11 (1) तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 6 सौ रुपए में बेच रहे थे यूरिया, सकालो सहकारी समिति सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शिकायत के बाद की गई कार्रवाई

किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर संचालक अभी भी दो से तीन गुना दामों पर यूरिया की बिक्री कर रहे है। आलम यह है कि जिला प्रशासन की कार्रवाई का भी इन दुकानदारों पर कोई असर नहीं हो रहा है और वे मनमाने ढंग से किसानों को यूरिया बेच रहे है। ऐसे ही एक मामले का खुलासा होने के बाद कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए संस्थान को सील कर दिया।

बता दें कि सरगुजा में अभी भी किसानों के लिए यूरिया की किल्लत एक बड़ी समस्या बनी हुई है। यूरिया की सप्लाई नहीं होने से निजी दुकान संचालक दो से तीन गुना कीमतों पर इसकी बिक्री कर किसानों को लूटने का प्रयास कर रहे है जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। शासन की ओर से यूरिया की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। ऐसे में संयुक्त संचालक कृषि संभाग सरगुजा यशवंत केराम, कलेक्टर सरगुजा एवं उप संचालक कृषि अंबिकापुर पीतांबर सिंह दीवान के निर्देशन में जिले में कार्रवाई चल रही है। इस कृषि विभाग को सूचना मिली थी कि सकालो स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति में निर्धारित मूल्य 266 रुपए से अधिक कीमत पर यूरिया की बिक्री की जा रही है। ऐसे में टीम ने समिति में दबिश दी गई। जांच के दौरान उपलब्ध कच्चे दस्तावेजों एवं उपस्थित कृषकों से जानकारी प्राप्त हुई कि समिति द्वारा यूरिया का विक्रय 600 रुपए प्रति बोरी की दर से किया जा रहा था जो कि शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम मूल्य से अधिक है। साथ ही, निरीक्षण के दौरान अन्य अनियमितताएं भी उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत पाई गईं।

नियमानुसार कृषि विभाग द्वारा संबंधित संस्था को नोटिस जारी करते हुए उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध,स्टॉक की जप्ती,गोदाम को पंचनामा बनाकर सील कर कर दिया गया है। इस कार्रवाई में उर्वरक निरीक्षक सोहन भगत, अजय बड़ा, श्रीमती श्वेता पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कश्यप, हिमांशु गुप्ता, विनोद पैकरा एवं सकालो उपसरपंच भोला चंद्र टेकाम मौजूद थे।



कार्रवाई करते अधिकारी।



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में 53 छात्राओं को कैबिनेट मंत्री ने वितरित की साइकिल

**लखनपुर।** पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए और 53 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि इस विद्यालय से जुड़े अधिकांश अतिथि स्वयं भी कभी न कभी इसी स्कूल के छात्र रह चुके हैं और आज सभी मिलकर इसे और बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समाज और क्षेत्र का विकास संभव है। श्री अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मोबाइल का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र जायसवाल ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने संस्कृत स्वागत गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, शनि बंसल, सचिन बंसल, यतेंद्र पाण्डेय, प्राचार्य ऋषि पाण्डे, श्रवण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### सिविल जज परीक्षा में शामिल होने सुप्रीम कोर्ट से मिली अनुमति

**बिश्रामपुर।** देश के सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश पारित कर रविवार को होने वाली सिविल जज (जूनियर डिविजन) पद के लिए छत्तीसगढ़ न्यायिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में लोक अभियोजक और सरकारी वकील के रूप में कार्यरत कुछ याचिकाकर्ताओं को अस्थाई रूप से शामिल होने की अनुमति प्रदान कर दी है। बताया गया कि सिविल जज की परीक्षा में 250 आवेदकों को परीक्षा देने से रोक के विरुद्ध 24 आवेदकों का मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए लगा था जिन्हें हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इस मामले की तत्काल सुनवाई के लिए याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जेन्ट हियरिंग अपील पेटीशन दायर की। प्रकरण की सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में सुनवाई करते हुए उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार अंतरिम राहत केवल उन याचिकाकर्ताओं तक ही सीमित है जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में अपील पेटिशन दायर की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अपील प्रकरण की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता उतरा बब्बर व सहायक अधिवक्ता प्रखर श्रीवास्तव की अगुवाई में बिश्रामपुर के नवोदित अधिवक्ता मेहुल गर्ग एवं आयुष पीशाह ने की है। बता दें कि मेहुल गर्ग बिश्रामपुर शिवनन्दनपुर मुख्य मार्ग स्थित अनिल जनरल स्टोर के संचालक अनिल अग्रवाल के सुपुत्र हैं।

रंग-रोगन के बाद देवी मंदिरों की हो रही भव्य सजावट

# शारदीय नवरात्रि के लिए सजने लगे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों में भारी उत्साह है। मंदिर समिति एवं पूजा समितियों द्वारा नवरात्रि की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। नवरात्रि की आराधना के लिए देवी मंदिरों का रंग-रोगन कराया जा रहा है वहीं देवी प्रतिमा की स्थापना के लिए दुर्गा पंडालों को आकार दिया जा रहा है।

**खास बात**
- दुर्गा पूजा समितियों में भारी उत्साह

इस बार शारदीय नवरात्रि 22 सितम्बर से प्रारंभ होगी। नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में लगातार नौ दिनों तक देवी दुर्गा की विशेष पूजा-आराधना होती है साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं। नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों का रंग-रोगन कराने के साथ ही विशेष सजावट की जा रही है। मंदिर समिति द्वारा महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, जयस्तंभ चौक स्थित काली मंदिर, चोपड़ापारा काली मंदिर, गौरी मंदिर, वन देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों का रंग-रोगन कराने के साथ ही भव्य सजावट की जा रही है। नवरात्रि पर इस बार भी राम मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयजित किए जाएंगे।

दुर्गा पूजा समितियों द्वारा दुर्गा पंडलों को भव्य आकार दिया जा रहा है। इस बार भी समितियों द्वारा पण्डाल के पास की सड़कों पर आकर्षक झांकियां सजाई जा रही हैं तथा सड़क के दोनों ओर रंगीन झालरों के साथ तेज रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। विजयादशमी के अवसर पर हिन्दू एकता मंच आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकालता है। इस बार भी शहर की सड़कों व चौक-चौराहों को भगवा रूप दिया जा रहा है।



जयस्तम्भ चौक पर सजा दुर्गा पण्डाल।

### 10 दिन की होगी नवरात्रि

इस बार नवरात्रि 10 दिनों की होगी तथा 11वें दिन विजयादशमी का उत्सव मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं.दिनेश मिश्रा ने बताया कि इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण देवी की आराधना 10 दिनों तक होगी। सोमवार 22 सितम्बर से नवरात्रि प्रारंभ होगी। प्रथम दिवस सुबह 8 बजे से लेकर प्रदोष काल तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। अभिजित मुहूर्त सुबह 11.30 से 12.30 के मध्य कलश स्थापना को विशेष फलदायी माना गया है। इस बार चतुर्थी तिथि 25 एवं 26 सितम्बर दो दिन रहेगी। अष्टमी की महापूजा 29 सितम्बर को जबकि दुर्गा पंडालों में संधि पूजा 30 सितम्बर को दोपहर 1.21 से 2.09 बजे के मध्य की जाएगी। विजयादशमी का उत्सव 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

### हाथी पर सवार होकर पहुंचेगी देवी

पं. दिनेश मिश्रा ने बताया शारदीय नवरात्रि में देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर पहुंचेगी देवी की हाथी की सवारी को वर्षाकारक, सुख-समृद्धि एवं अच्छी उपज का प्रतीक माना जाता है।

# शहर की जर्जर सड़कों को लेकर युवा कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर की जर्जर सड़कों और गड्ढों के कारण आए दिन हो रही घटनाओं को लेकर युवा कांग्रेस ने शहर में विरोध प्रदर्शन किया। एनएच, लोनिवि और ननि के सड़कों की दुर्दशा को लेकर युवा कांग्रेस ने पीजी कॉलेज के सामने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान युवा कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया और एक सप्ताह के भीतर सड़क के गड्ढों को भरने का काम पूर्ण नहीं करने पर वृहद पैमाने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई है।

- एक सप्ताह में रिपेयरिंग नहीं होने पर होगा बड़ा आन्दोलन

बता दें कि एक लंबे अरसे से अम्बिकापुर शहर की सड़कों की हालत खराब है। बरसात में इनकी स्थिति और बदतर हो गई है। सड़कों पर पानी से भरे बड़े बड़े गड्ढो ने नगरवासियों के लिए यातनापूर्ण स्थिति उत्पन्न कर दिया है। इन सड़कों के रख रखाव के लिए जिम्मेदार विभागों के उदासीनता का आलम यह है कि इनके द्वारा सड़कों की मरम्मत करना दूर को बात है ये सड़कों में बने गड्ढो में मलबा तक नहीं डलवा रहे हैं। जर्जर सड़कों के कारण आए दिन हादसे हो रहे है और बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे है जबकी कई लोगों की मौत इन गड्ढों के कारण हुए हादसे में हो गई। ऐसे में शनिवार को युवा कांग्रेस ब्लॉक अम्बिकापुर शहर ने अध्यक्ष शुभम जायसवाल के नेतृत्व में पीजी कॉलेज के सामने धरना प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का जाम किया गया। इस दौरान ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि इन सड़कों के देखरेख हेतु जिम्मेदार विभाग की भावना शून्य हो चुकी हैं। इन विभागों के क्रियाकलापों ने लोगों के लिए नारकीय माहौल तैयार कर दिया है। विभागों की विफलता को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन से आह्वान किया कि वो इन विभागों में समन्वय स्थापित कर सड़कों की खराब स्थिति से नागरिकों को राहत दिलाए। उन्होंने कहा कि अगर सड़क मरम्मत के लिए इन विभागों के पास फंड की कमी है तो जिला प्रशासन सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर और पार्षद निधि सहित डीएमएफ फंड से सडकों के मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध कराई जाए। युवा कांग्रेस अम्बिकापुर ब्लॉक के अध्यक्ष शुभम जायसवाल ने कहा कि अम्बिकापुर 70 प्रतिशत सड़क जर्जर हो चुकी है। ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास की ट्रिपल रफ्तार का नारा देकर निगम से देश की सत्ता तक पर काबिज भाजपा ने आम लोगों के साथ छलावा किया है। करीब डेढ़ घंटे चले इस धरना प्रदर्शन के बाद सांकेतिक प्रदर्शन उपरान्त ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष हेमंत सिंहा, ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर ग्रामीण अध्यक्ष विनय शर्मा, पपिंदर सिंह, शैलेंद्र सोनी, संजय सिंह, रजनीश सिंह, निक्की खान, निखिल विश्वकर्मा, मिथुन सिंह, सीपू सिंह, ज्ञान तिवारी आदि उपस्थित थे।

## कीटनाशक पीने से गंभीर किशोरी एवं नवविवाहिता की अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत जमगला निवासी राधिका यादव आ. समय लाल यादव (14 वर्ष) गत दिन पिता मवेशी चराने और खेत में घास काटने गया था। इधर पिता के मवेशी चराने या खेत में काम करने जाने पर पिता का मोबाइल राधिका ही पकड़ती थी। गत दिन जब पिता मवेशी चराने गया तो राधिका की बहन सोनिया पिता के मोबाइल को छिपा दी जिस पर राधिका बहन की मोबाइल को पकड़ी थी। मोबाइल की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिस पर मोबाइल नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर राधिका ने घर मे रखे कीटनाशक को पी ली। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरी निवासी प्रतिमा बाई पति अमर जगह (25 वर्ष) 4 सितंबर को घर में रखे कीटनाशक को पी ली। परिजन ने उसे सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्रतिमा की तबीयत में सुधार नहीं होने पर 16 सितबर को रेफर कर दिया। परिजन प्रतिमा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के पति अमर जगह ने पुलिस को बताया कि प्रतिमा से उसका विवाह साल 2024 में हुआ था। 3 सितंबर को सीतापुर कंठपारा में करमा त्यौहार देखने गया था। दूसरे दिन सुबह घर पहुंचा तो पत्नी के साथ भोजन करने लगा। इसी दौरान अलमारी में रखे एक हजार रुपए के संबंध में पूछताछ किया तो पत्नी नाराज हो गई और अलमारी के ऊपर रखे कीटनाशक को पी ली थी।







## अलग से रावण दहन करने के निर्णय पर आलोक दुबे ने समिति से किया किनारा

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने नागरिक समिति की बैठक में आगामी वर्ष से दशहरा महोत्सव पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को अलग आयोजित करने के निर्णय से अपनी असहमति जताई है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिस बैठक में नागरिक समिति ने यह प्रस्ताव पारित किया था उसमें वे उपस्थित नहीं थे न ही इस संबंध में अपनी सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पिछले 34 वर्षों से रावण दहन का आयोजन सरगुजा सेवा समिति करती आ रही है। वर्ष 1999 में इस सार्वजनिक आयोजन में जिला प्रशासन एवं नागरिक समिति को शामिल किया गया था। आयोजन की गरिमा के विपरीत अलग रावण दहन करने के निर्णय पर उन्होंने स्वयं को नागरिक समिति से पृथक होने की बात कही है।

## निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के एप्रोच का ड्राइंग सुधारने की मांग, सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक से की बात

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 में एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने रेलवे द्वारा बिश्रामपुर कुमदा मार्ग पर बनाए जा रहे ओवर ब्रिज के एप्रोच रोड को सीधा करने आमजनों के लिए सुविधाजनक बनाए जाने की मांग को लेकर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक से दूरभाष पर चर्चा कर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के अप्रोच रोड के ड्राइंग डिजाइन में आवश्यक परिवर्तन कर उसे आमजनों के लिए सुविधाजनक बनाए जाने की मांग की है।शुक्रवार को भाजपा नेता बनारसी जायसवाल के पिता स्व. लक्ष्मी प्रशाद जायसवाल को श्रद्धांजलि देने बिश्रामपुर पहुंचे सांसद को भाजपा नेता अनूप सिन्हा ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के अप्रोच रोड को लेकर सामने आ रही परेशानी से मौके पर ले जाकर अवगत कराया और बताया कि वर्तमान में बनाए जा रहे एप्रोच रोड काफी घुमावदार है और ब्रिज के अंतिम क्षोर में 90 अंश का कोण बन रहा है जिससे भविष्य में दुर्घटना जैसी स्थिति निर्मित होगी,इसलिए अप्रोच रोड को अंबेडकर चौक से सीधे ले जाना हितकारी होगा,सांसद ने सारी बातों को समझ तत्काल रेलवे डीआरएम से बात कर उन्हें लोगों की परेशानियों से अवगत करा निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के एक क्षोर की एप्रोच सड़क के ड्राइंग डिजाइन में बदलाव की मांग कर इस बावत आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा है।इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह,जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, अशोक अग्रवाल, दीपेंद्र चौहान, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, दीना यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।















